1963 No-4

❀ ओ३म् ततसत् ❀

सहज मार्ग

SAHAJ MARGA

वर्ष ७ Year 7

अंक ४ Number 4

श्री रामचन्द्र मिशन, शाहजहांपुर

(उ० प्र०) (भारतवर्ष)

Shri Ram Chandra Mission

Shahjahanpur, U. P. (India)

सम्पादक मण्डल

काशीराम अग्रवाल, शाहजहाँपुर,

सूर्यप्रसाद श्रीवास्तव, लखीमपुर-खीरी (उ० प्र०)

वार्षिक मूल्य ३) 1963. N एक अंक १)

प्रकाशक:- श्री रामचन्द्र मिशन पब्लिकेशन डिपार्टमेन्ट शाहजहाँपुर उत्तर प्रदेश (इन्डिया)

विषय सूची:—

विषय	लेखक	पृष्ठ
१–प्रार्थना		
२–परम तत्व	समर्थ गुरु महात्मा रामचन्द्र जी, फतेहगढ़	१
३–वैराग्य का स्वरूप	श्री रामचन्द्र जी	४
४–सहज मार्ग की साधना	काशीराम अग्रवाल	७
५–जीवन और साधना	प्रोफेसर हरिदत्त सिंह	१३
६–वास्तविकता	श्री ईश्वर सहाय जी	१८
1. Parallelisim in Nature– Sri Ram Chandra Ji		1
2. Abhyas or Divine Grace–Sri Ishwar Sahai		6
3. Talks on E. R.—Dr. K. C. Varadachari		10
4 My Master of this world and Beyond–	Sri R. C Saxena	16
5. My experience of Sahaj Marg—	Sri Raghavendra Rao—	23
6. Emotional Integration a post Scipt—	S. C. Srivastava—M A	29

(सर्वाधिकार सुरक्षित)

Shri Ram Chandra Mission

With this issue, the magzine completes its seventh year of publication. The first issue of the next series is expected to be out by March 64. The subscribers are hereby requested to send the next year's subscription as early as possible, along with arrears if any.

Two more publications of the Mission, "Talks on Efficacy of Rajyoga" by Dr. K. C. Varadachari and the English translation of the Master's Hindi book "Anant Ki or" are in the press and may be out in due course.

Thr second edition of "Reality at Dawn" by Shri Ram Chandra Ji, is now published and can be available at all centres and Branches of the Mission. The price is Rs. 2—50 per copy.

Publication Department.

सहज मार्ग

उत्तिष्ठत जाग्रत प्राप्य वरान्निबोधत ।

उठो जागो !! पुरुजनों को प्राप्त कर ज्ञान-लाभ करो ।

वर्ष ७ अङ्क ४ | शाकाब्द १८८५, संवत २०२० विक्रमी Year 1963 | Year 7 No. 4

* प्रार्थना *

हे नाथ, तू ही मनुष्य-जीवन का ध्येय है ।
हमारी इच्छायें हमारी उन्नति में बाधक हैं ।
तू ही हमारा एकमात्र स्वामी और इष्ट है ।
बिना तेरी सहायता तेरी प्राप्ति असम्भव है ।

O, Master !
Thou art the real goal of human life
We are yet but slaves of wishes
putting bar to our advancement,
Thou art the only God and Power
to living me upto that stage.

// परम तत्व* //

[समर्थ गुरु महात्मा रामचन्द्र जी महाराज फतेहगढ़]

परम तत्व की खोज—चतुर्थ पद का निर्देश

साधो एक रूप है सब में ।
बुन्द बुन्द में भेद नहीं है, सिन्धु बुन्द दोउ एका ।
बुन्द में सिन्धु सिन्धु बुन्दवत यही है सार विवेका ॥१॥
बुन्द के पीछे सिन्धु है व्यापक सिन्धु बुन्द आधारा ।
सिन्धु आधार बुन्द बरनाना भला तत्व विचारा ॥२॥
भला कल्पना मन में उपजी सिन्धु बुन्द बिलगाने ।
सिन्धे कल्पना ज्ञान है बस में तब कोई भेद बिलाने ॥३॥
सिन्धा भरम, कल्पना मिथ्या, मिथ्या जग व्यवहारा ।
जब यह मिथ्या भरम मिटे औ मिटे द्वन्द बिस्तारा ॥४॥

❀ ❀ ❀

ब्रह्म सिद्धान्त है अर्थात् परमात्मा व्याप्तात्व स्थितियों से मुक्त है । जीव द्वन्द में रहता है इसमें विज्ञान तलाश है, उसमें देहाती नहीं है क्यों कि ब्रह्म में सुख का अनुभव नहीं है । जीव जीवन की इच्छा में सुख को चाहता है और दुख से बचता है ।

---

* पिछले अङ्कों में प्रकाशित 'ब्रह्म ज्ञान' शीर्षक लेख से आगे का लेख

दुख जीव की आंशिकता के दोष का परिणाम है और वह सुख का इच्छुक रहता है इसलिये उसको दुख है। ब्रह्म में कमाल और पूर्णता है उसको न जीवन की इच्छा है और न वह सुख का इच्छुक है। अतः उसमें दुख न रहेगा।

ज्ञान अपूर्णता की दशा है। जहाँ ज्ञान होगा वहाँ ज्ञान, ज्ञाता और ज्ञेय की त्रिवर्गात्मक स्थिति अवश्य रहेगी जिसका परिणाम सीमत्व होगा। और जब ब्रह्म में सीमत्व नहीं है तो यह त्रिवर्गात्मकता कैसे कायम करेगा? ब्रह्म चूंकि पूर्ण है अतः उसमें कल्पना और भ्रम कैसा। कल्पना और भ्रम तो जीव में ही रहते हैं तो अपूर्ण है। ब्रह्म को अपनी पूर्णता और कमाल तक का विचार नहीं है। ब्रह्म में जो गुण हैं वह उसमें केवल जीव की दृष्टि से हैं। ब्रह्म अपने आप को सच्चिदानन्द नहीं कहता, न करना धरना मानता है, न वह अपने आप को पूर्ण कहता है। जीव ही उसको ऐसा समझ कर उसे चरम लक्ष्य मानता है। यदि ब्रह्म कहे कि मैं पूर्ण हूं तो इसका यह अर्थ होगा कि वह अंश को समझ रखता है। और जब अंश की समझ आ गई तो वह फिर पूर्ण न रहा। अंश और पूर्ण दो वर्ग आ गए फिर उसको एक कौन कहेगा।

जीव में इच्छा आँशिकता के भ्रम के प्रभाव के अन्तर्गत है, अन्यथा एकत्व दर्शी दृष्टि को समुद्र में बूंदें खोई हुई दृष्टिगोचर होने लगती है। उसकी दृष्टि में तो समुद्र एक बेहद व बेहिसाब बड़ा बूंद है जिसमें टुकड़े नहीं हैं। एक बात तो यह हुई। दूसरी बात यह है कि यदि किसी कारण किसी बूंद को अपने अलग होने का ज्ञान

हुआ है तो उसे यह भी तो समझना चाहिये कि हर बूंद की पृष्ठभूमि में समुद्र है। और वह स्वयं समुद्र से मिला हुआ एक है। और जब एकता आ गई तो फिर बूंद और समुद्र का भ्रम कहाँ रहा? जीव ऐसा भी नहीं समझता। यदि ऐसा समझ ले तब भी अलगाव दोषपूर्णता और आंशिकता का विचार न सताये। ऐसा विश्वास चरम लक्ष्य की प्राप्ति का प्रारंभिक चरण है। इसको 'इल्मुल्यकीन' अर्थात 'वाचिक ज्ञान' कहते हैं, जो 'सत्यता' है अर्थात शारीरिकता जिसके साथ है। बीच के ज्ञान का नाम 'हक्कुल्यकीन' अर्थात् 'यथार्थ ज्ञान' है, जो इसी के चिन्तन और विचार का परिणाम है और 'चितपना' है। और अन्तिम ज्ञान को 'ऐनुल्यकीन' अर्थात् 'तद्रूप ज्ञान' कहते हैं, जो 'आनन्दपना' अर्थात् मस्ती और आनन्द की वह स्थिति है जो दुख को नहीं जानती। और जिसे सुख और आनन्द का एहसास भी नहीं है, वह पूर्ण है, यही ब्रह्मपना है।

(क्रमशः)

जिस प्रकार बच्चों के लिये खेल खिलौने उन के मनोरंजन के साधन होते हैं इसी प्रकार विद्वानों के लिये पुस्तकें पहलवानों के लिये दंड मुगदर, पुजारियों के लिये पूजापाठ, ज्ञानियों के लिये ज्ञान भक्तों के लिये भक्ति, सिद्धों के लिये सिद्धि, और वैरागियों के लिये एकान्त वास ध्यान उपासना इत्यादि मनोरंजन ही के साधन हैं।

(पूज्य बाबू जी)

* वैराग्य का स्वरूप *

[श्री रामचन्द्र जी, अध्यक्ष श्री रामचन्द्र मिशन]

बात तो यह है कि सच्चे जिज्ञासु नहीं मिलते, वर्ना मजा आ गया होता। लोग रगड़ रगड़ा कर ऐसी हालत भी पैदा करना नहीं चाहते कि कुछ न कुछ बन कर ही रहें। जब आदमी में किसी हालत का, जब वह पैदा होती है, एहसास होता है, तब उस को दूसरों का काम बनाने के लिये इस्तेमाल कर सकता है। इस कदर हालतें मेरे एहसास में हैं, और इतने (Points) मेरे खयाल में हैं, और आए रिसर्च भी होती जाती है—उन में से एकाध (Points) भी लेने की शक्ति वाले लोग कम मिलते हैं। और मेरी तबीयत यह चाहती रहती है कि हर आदमी हर (Point) का मजा चखे। दूसरे मानों में मैं इतना बेकरार रहता हूं आला से आला ब्रह्म विद्या देने के लिये कि इस का अगर थोड़ा सा भी हिस्सा अभ्यासी अपने जिम्मे ले ले तो जाने क्या से क्या हो जावे। लाला जी ने भी मुझ से कहा है कि 'इस हद तक सीखने वाला मुश्किल से मिलेगा।' मगर खैर, जितना भी, जैसा मिल जाये। लोग कहते हैं कि एहसास नहीं होता। उन से कोई यह तो पूछे कि तुम ने कभी एहसास करने की कोशिश भी की? जो हालत पैदा हुई उस में कभी घुस भी! अगर वह यह कहें कि इतना माद्दा नहीं कि एहसास कर सकें, तो यह बिल्कुल गलत है। माद्दा हर एक में है, और ब्रह्म विद्या में अक्ल खुलने लगती है। मगर जब उस ताकत को कोई दूसरी तरफ लगा दे, तो फिर क्या किया जाये।

देखने में तो ऐसा आता है कि सोचने और अनुभव करने की जो सामर्थ्य पैदा होती है, उसे लोग दुनियां की तरफ लगा देते हैं। नतीजा यह होता है कि जिस चीज से वैराग्य पैदा होना चाहिये, उस में और राग पैदा हो जाता है। यह नुक्स अभी लिखाते लिखाते मेरी समझ में आया, और यह ठीक है। वाकई महात्माओं की यह राय ठीक थी कि जब जिज्ञासु अपने में वैराग्य पैदा कर लेता था, तब असल जौहर उस को दिया जाता था। जो कुछ दिल से छोड़ना नहीं चाहते और सिर्फ कहने सुनने में आकर मेरे यहां सीखना शुरू कर देते हैं। मैं भी यह समझ लेता हूं कि भाई, फायदा कुछ न कुछ जरूर हो जायेगा। और अपने लिये तो पर मेहनत करना खूब समझ लेता हूं और मेरा लिखे हुक्म भी ऐसा ही है।

वैराग्य अभ्यासियों में खुद व खुद पैदा हो गया होता, और बड़ी आसानी से अगर वह अपनी तवज्जोह की डोर ईश्वर की तरफ पूरी तौर से लगा देते। मैं यह अर्ज करता हूं, कि मन का रुख ईश्वर की तरफ कर देता हूं ताकि उस तरफ लगा रहे, और बढ़ता भी जाता है। लोग क्या करते हैं कि उस को दुनियाँदारी की तरफ घसीटते हैं। और यह हो नहीं सकता, इतना मुझ को गुरु महाराज की कृपा से विश्वास है, कि जिस मन को ऊपर की तरफ लगा दिया फिर वह नीचे की तरफ नहीं उतर सकता। नतीजा मुमकिन है यह होता हो कि उन लोगों को जो दुनियाँ के मामले में ज्यादा दौड़ लगाते हैं, परेशानी का एहसास ज्यादा होता हो। इसलिये कि मन ऊपर रहना चाहता है और उस को वह नीचे घसीटते हैं।

अगर ईश्वर की तरफ इन्सान पूरी तौर से लग जाता है, तो फिर वैराग्य ही वैराग्य है; और कहीं किसी रूढ़ी सूरत पर कोई लग गया तो दुनियाँ से ही नहीं बल्कि अपने से भी वैराग्य हो जाता है। शरीर की चेतना तो जाती ही रहती है यह इस का एक अपना करिश्मा है। आत्मा की चेतना जाने का भी नम्बर आ जाता है। फिर क्या है मुर्दा को बदलाने वाला जिधर चाहे उसे फेर दे। हालतें आगे ऐसी आती हैं कि उस को शब्द जाहिर नहीं कर सकते।

सीता ने एक तोता पाला, और वह उससे बहुत मोहब्बत करती थी, और राजा जनक सीता से मुहब्बत करते थे। नतीजा क्या हुआ कि राजा जनक तोते से मोहब्बत करने लगे। तोता दुखी होता था तो सीता को दुख होता था और जब सीता को दुख होता था तो राजा जनक को भी दुख होता था। अब देखो तो सही कि इतना बड़ा ऋषि दूसरे प्राणों में तोते से लगाव रखता था। हमसे अगर पूछो तो हम यही कहेंगे कि वह इन्सान ही नहीं जो दूसरे के दुख दर्द को देख कर दुखी न हो। महात्माओं को तो भाई जाने दो। उन में तो ऐसे अज्ञान कर्म के वैरागी मिलते हैं कि कहते हैं कि माँ बाप पुत्र परिवार सब शत्रु के समान हैं। तो भाई मुझे तो कोई ऐसी महात्मा मीरी दे तो सौ बार 'लाहौल' पढ़ने के लिये तैयार हूं। अब उन महात्माओं की तालीम पर गौर करो कि कितने बड़े राग की तालीम देते हैं जिस का नतीजा सिवा तबाही के और Moral Stamina खराब कर देने के और कुछ नहीं होता हम शत्रु समझने की आदत डाल रहे हैं। हम जब यह आदत डाल रहे हैं तो मुमकिन है हमारे

अगलात खुद ऐसे औजार बन जायें कि हमारे खून से अपने आप को रंग लें।

—एक अभ्यासी को लिखे गये पत्र से उद्धृत

॥ सहज मार्ग की साधना ॥

(काशीराम अग्रवाल)

बहुत से भाइयों को यह प्रश्न बना ही रहता है कि ईश्वर प्राप्ति का यह सहज मार्ग कैसे हुआ जब कि ईश्वर प्राप्ति का मार्ग तो बड़ा ही कठिन है।

यह प्रश्न तो अधिकतर उन भाइयों को ही उठा करते हैं जिन्होंने सहज मार्ग के ग्रंथ एवं साधना पद्धति को अपना कर उस की परीक्षा न की हो। ईश्वर सूर्य की भाँति जमीन से नौ करोड़ मील लाख मील लम्बा कहीं आसमान में बसा हुआ नहीं है जो उसे प्राप्त करना कठिन समझा जाये। श्रद्धेय बाबू जी महाराज ने तो अपनी पुस्तक Reality at Dawn में यहाँ तक लिखा है कि लोग ईश्वर प्राप्ति जितना कठिन समझते हैं उतना कठिन नहीं है आज के युग में सरकारी नौकरी पाना जितना कठिन है ईश्वर प्राप्ति कहीं उससे भी सहज है।

ईश्वर प्राप्ति हमें कठिन क्यों लगती है? इस लिये कि हमने अपने विचारों को पत्थर एवं ठोस बना लिया है। अपने हृदय पर कालिमा के (मल विक्षेप आवरण) पर्दे डाल लिये तथा अपने जीवन

का उद्देश्य आवश्यकता से अधिक धनोपार्जन कर ऐश आराम करना ही बना लिया; और ईश्वर क्या है सत्य क्या है इस को समझने की हमने आवश्यकता ही न समझी।

हम लोगों की बुद्धि में कितनी ठोसता भरी है कि ईश्वर को आसमान का निवासी समझते हैं या मन्दिर मस्जिद गिरजा घर में रहने वाला ही समझते हैं वास्तव में यह हम लोगों का अन्ध विश्वास ही कहा जा सकता है कि जो सर्वव्यापी परमात्मा है उसे स्थूल एवं सीमित एक ही जगह रहने वाला समझने लगे। अगर ऐसा न समझते तो हमें हर समय हर जगह पाप कर्मों से भय बना रहता। अब भय इस लिये नहीं होता है कि वह ईश्वर हमें वहां देखने कैसे आवेगा वह तो आसमान में या मन्दिर में ही रहता है।

बहुत से भाई दुनियां की भलाई के लिये वर्ष में एक दो बार विशेष कार्यक्रम बनाते हैं जैसे दुर्गा पूजा जन्माष्टमी के अवसर पर या किसी आश्रम एवं संस्थाओं में धार्मिक प्रोग्रामों के अवसर पर दूर-दूर से लोग आते हैं। खूब भीड़ होती है खूब सजावट एवं सुन्दर सुन्दर आदेश होते हैं अपने जीवन की उलझी हुई समस्याओं को सुलझाने के लिये ही अक्सर धार्मिक प्रोग्राम बनाये जाते हैं लेकिन वहाँ पर अधिकतर लोग मनोरंजन के लिये ही जाना पसन्द करते हैं जिस प्रकार मेलों में रंगीन रहते हैं इधर उधर ताक कर अपने नेत्रों में चन्दनी भर कर बजाय फायदे के और नुकसान में बढ़ जाते हैं यह आंखों का दोष नहीं है बल्कि यह मन का एक रोग है जो साधना से ही दूर किया जा सकता है।

ईश्वर प्राप्ति के लिये आसमान की तरफ टकटकी बांधने की भी आवश्यकता नहीं यह केवल एक भेद मात्र है जो सच्चा पथ प्रदर्शक हमें बतला देगा। यह तो सभी जानते हैं कि भेद वाला ताला अनजान व्यक्ति के लिये पहाड़ होता है। और वर्षों तक स्वयं को उस में उलझाता रहे तो भी उसका खुलना असम्भव हो सकता है लेकिन भेद वाले (पथ प्रदर्शक) का सहारा लेकर उसका भेद क्षण मात्र में जाना जा सकता है। जो बात हमारे लिये कठिन थी, अब वह हमारे लिये सहज हो गई, इस लिए हमें (पथ पदर्शक) प्राप्त होने के बाद सहज लगने लगती है। कठिनाई तभी तक है जब तक सच्चे पथ पदर्शक के लिए तड़फ पैदा नहीं होती। ईश्वर को बातों से नही पाया जा सकता उसके लिए साधना-अभ्यास जरूरी है।

वास्तव में साधारण अर्थ में ईश्वर का दर्शन नहीं होता। जो हमें इष्ट आदि के दर्शन होते हैं वह हमारा काल्पनिक चित्र हमारे सम्मुख उसी रूप में आ जाता है, जैसा कि हम उसे चाहते है। उन्हें कल्पना कह लेना शायद गलत न होगा। इसी लिए निर्विकल्प समाधि का अनुभव कल्पना रहित है। ईश्वर अनुभवगम्य विषय है, अनुभव किया जा सकता है, उसका दर्शन नहीं होता। अनुभव उसी प्रकार किया जाता है जिस प्रकार हमें चलती हुई हवा शरीर से स्पर्श होती हुई अनुभव होती है मगर उसका दर्शन नहीं होता। योगी हवा के सदृश्य हर समय ईश्वर का अनुभव करता रहता है।

ईश्वर प्राप्ति हमें कठिन क्यों लगती है? इस लिए कि मन सांसारिक विषय को अधिक चाहता है और अध्यात्मिकता की तरफ

जाने पर मन बहाना बना कर इस से बचने के लिए यह आदेश देने लग जाता है नहीं, नहीं बड़ा कठिन काम है, इस अहम्मन्य हैं हम ईश्वर को भला कैसे पा सकते हैं। ऐसा क्यों होता है? इस लिए कि जो विश्व को देखने का शीशा या यन्त्र हृदय है उसके आगे हम लोगों ने कालिमा के पर्दे बना कर डाल दिये हैं और नतीजा यह हुआ कि हमें प्रकाश मिलना बन्द हो गया तथा अपने बनाये हुये दायरे के अन्दर ही रहकर आवश्यकता से अधिक सम्पत्ति प्राप्त करना खूब ऐश आराम करना ही जीवन का उद्देश्य बना लिया और सहज चीज कठिन दिखाई देने लगी। परिणाम यही हुआ कि असली पूजा की पद्धति को छोड़ बैठे और बनी लकीर को पीटना शुरू कर दिया। नतीजा यह हुआ जीवन भर लकीर पीटते रहे फिर भी सर्प न मरा जीवन भर पूजा की फिर भी भगवान न मिला।

सहज मार्ग की साधना में जहाँ तक अनुभव किया, बहुत ही सूक्ष्म साधनों द्वारा बड़ी सरलता पूर्वक मानव अपने उद्देश्य की प्राप्ति कर सकता है। यह तो समर्थ सद्गुरु की अपार कृपा का फल है कि अपने अनुभव द्वारा बहुत कुछ रास्ता काट छांट कर सहज बना दिया ताकि लोग कठिन और असम्भव कह कर सच्चे मार्ग से अलग न हो बैठें तथा उन्हें अपनी आन्तरिक शक्ति (Transmission power) द्वारा समय समय पर अभ्यासी को बराबर मदद देते रहते हैं। और सिखाने वाले में प्राणाहुति (T. Power) अगर है तो फिर वह मार्ग मुश्किल नहीं रहता बल्कि सहज कहा जा सकता है, इस मार्ग में हर एक धर्म वाला साधनों द्वारा अपना

जीवन सुलझा सकता है। सब का उद्देश्य एक ही है।

एक व्यक्ति के लिए शक्ति से दूना वजन लम्बे सफर में सिर पर उठा कर सफर तय करना कठिन है लेकिन यदि अच्छा शक्तिशाली सहयोगी हमें सहयोग देने वाला मिल जावे कि वह कुछ वजन हमारी शक्ति अनुसार हमें दे देवे और बाकी अपने सिर पर लाद कर हमें घर तक पहुंचा दे तो वह चित्र जो हमारे लिये असम्भव थी अब सहज हो गई। ऐसे सच्चे सहयोगी (पथ पदर्शक) की आवश्यकता है। तरीके बतलाने वाले हजारों मिल जाते हैं, मगर सर पर बोझ लाद कर मदद करना कोई नहीं चाहते, तो वह हमारे लिये सहयोगी नहीं हो सकते। कोरी सफाचट मैदान सी बातों से क्या होता है, हमें तो ऐसे सहयोगी की आवश्यकता है जो बोझ लाद कर घर तक पहुंचा दे। रास्ता बतलाने वाले तथा खड़े रहना मैं अभी आता हूं, कह कर रास्ता नापने वाले हजारों मिलेंगे। निस्वार्थी अनुभवी योगी ही हमारे जीवन की समस्यायें सुलझा सकते हैं। लेकिन अफसोस हमारी बन्दर बुद्धि पर! कहानी है कि किसी बगीचे में कई बन्दर घुस कर आमों का नाश कर डालते थे माली ने गोली चलाना शुरू किया, बन्दरों ने आपस में मीटिंग की और कहा क्या आदमी ही आम के वृक्ष लगा सकते हैं हम नहीं लगा सकते, कुछ बन्दर आम की गुठलियाँ लेकर नदी के किनारे गड्ढा खोद कर गुठली दबादी तथा दो चार मिनट के पश्चात् ही पेड़ न उगने पर परेशान हो गये और दो चार मिनट तक पानी डालते रहे तथा सब आपस में अफसोस कर कहने लगे; अभी तक तो अंकुर भी नहीं फूटा

दूसरा कहने लगा अभी तक तो पत्ते भी नहीं निकले। यही हाल आज हम लोगों का है, सच्चा पथ पदर्शक प्राप्त हो जाने पर भी ५-७ दिन तो अभ्यास साधना उनके आदेशानुसार करते हैं तथा दो चार दिन में ही उब कर कहने लग जाते हैं कि अभी तक तो चार भुजा वाले भगवान के दर्शन ही नहीं हुये और अभी तक तो कुछ भी चमत्कार दिखाई नही दिये। भाई मैं तो यही कहूंगा कि श्रद्धा विश्वास द्वारा पूरी जिन्दगी भर अपने सद्गुरु के आदेशानुसार चले और जीवन के शेष दिन में एक क्षण पहले भी अगर प्रकाश मिल जाये और हमारे बनाये कालिमा के पर्दे टूट जावें तो बड़ा ही सहज है, क्यों कि शास्त्रों में बतलाया गया है कि अभ्यासी अगर स्वयं की शक्ति द्वारा चले तो एक हालत पार करने में १० हजार वर्ष लगते हैं और दूसरी में दुगने वर्ष !! अब विचार करने पर पता चलेगा कि इस जीवन में पथ पदर्शक को कितना काम करना पड़ता है। सहज-मार्ग का प्रथम तरीका आन्तरिक सफाई का है जो पूर्णाहुति (Trans mission Power) की सहायता से सहज बन जाता है। और इससे सहज तरीका और हो भी क्या सकता है। अफसोस तो इस बात का है कि लोग चलना नहीं चाहते अभ्यास करना नहीं चाहते, सहज तरीकों को अपनाना नहीं चाहते। अगर हम उन सहज तरीकों को अपना कर दृढ़ता के साथ रास्ता तै करते, तो असम्भव या कठिन शब्द का कभी भी प्रयोगन करते।



॥ जीवन और साधना ॥

(प्रोफेसर हरिदत्त सिंह—अध्यक्ष हिन्दी विभाग
युवराज दत्त महाविद्यालय लखीमपुर खीरी)

वर्तमान युग संक्रान्ति का युग है। जीवन के सभी क्षेत्रों में नये-नये प्रयोग हो रहे हैं। पुरातन भावों एवं विचारों की श्रंखलायें टूट टूट कर नये भावों एवं विचारों को जन्म दे रही हैं। अतीत की संध्या में वर्तमान का प्रभात झाँक रहा है। इस नवोत्थान की वेला में हम अपनी नवीन उपलब्धियों, जीवन के परिवर्तित मूल्यों तथा इस यात्रा की अन्य सफलताओं का मूल्याङ्कन करने में संलग्न हैं। अनेक क्षेत्रों में हमारा असाधारण एवं द्रुत गति से विकास हुआ है। किन्तु मानव जीवन का यह विकास एवं बाह्य समृद्धि उसके अन्तर्मन का श्रङ्गारन कर सकी। स्नेह, सहानुभूति, दया, दाक्षिण्य आदि उसकी उदात्त वृत्तियाँ विज्ञान की शीत में ठिठुर कर रह गई हैं। मानव हृदय की मृदु लता एवं सुकुमारता भौतिक संसार के निर्मम आघातों से क्षत विक्षत हो गई है। हमारी संवेदनायें जीवन में गति मति न पाकर पंगु हो रही हैं। आज मनुष्य अतुलधन संपत्ति का स्वामी होकर भी, मनुष्यत्व के गौरव एवं गरिमा से रहित हो गया है। यही कारण है कि आज उसका जीवन अशाँत एवं दुखमय है। असंतोष ईर्ष्या, द्वेष घृणा, अविश्वास की आंधियों ने, इसे विनाश के कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है। आज उसकी सृष्टि ही, उसके संहार का कारण बन रही है।

यदि विचार पूर्वक देखें तो इन समस्त विषमताओं का एक मात्र कारण है जीवन के प्रति उसका एकाङ्गी तथा संकुचित दृष्टिकोण भौतिकता के अतिशय रागने उसे चेतना के विकास से पराङ्मुख कर दिया है। विश्व इतिहास में ऐसे अनेक अवसर आये हैं जब कि मनुष्य की भौतिक और आध्यात्मिक उन्नति में, सामंजस्य के अभाव ने, मानव जाति के लिये महान् संकट उपस्थित कर दिया है। विनाशकारी युद्ध हुये। मानव जाति की सभ्यता, संस्कृति तथा उसकी अगणित उपलब्धियां नष्ट भ्रष्ट हो गईं। पशुता ने उसके देवत्व को पराभूत कर दिया। दैव दुर्विपाक से आज भी उसी प्रकार की परिस्थितियां बनती जारही हैं जिनमें से कि आणविक युद्ध की विभीषिका झाँक रही है। मानवीय सभ्यता एवं संस्कृति की रक्षा का ज्वलन्त तथा जटिल प्रश्न सब के समक्ष उपस्थित है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि भौतिकता के क्षय रोग से पीड़ित एवं जर्जर विश्व को आध्यात्मिक साधना की संजीवनी ही विनाश से बचा सकती है।

मनुष्य में जो देवत्व का भाव है उसे साधना द्वारा जाग्रत कर उसकी अगणित वृत्तियों एवं शक्तियों को जो नरसंहार के साधन जुटाने में संलग्न हैं, विश्वकल्याण की ओर प्रवाहित करना अनिवार्य हो गया है। उसमें सत्यं शिवं सुन्दरं की प्रतिष्ठा करनी इनकी प्रतिष्ठा का एक मात्र साधन है आध्यात्मिक साधना।

आध्यात्मिक साधना को जीवन में सहज भाव से ही देखना समीचीन होगा। हम यह कदापि नहीं चाहतेहैं कि प्रतिदिन के जीवन के साथ हमारी परम साधना का कहीं भी विरोध हो। दैनिक

जीवन और शाश्वत साधना का यह जो अविरोध भाव है, वह ही हमारा "सहज मार्ग" है।

सहज मार्ग की साधना वस्तुतः मन की साधना है। जब तक हमारा मन निर्मल एवं विशुद्ध नहीं होता तब तक हमारी मानसिक अशांति बनी रहेगी। हमारे संकल्प विकल्प के व्यापार चलते रहेंगे इनके रहते हुए हमारी संतुलित अवस्था सम्भव नहीं।

मन हमारी समस्त क्रियाशीलता का केन्द्र बिन्दु है। हमारे कार्यों, विचारों, कामवासनाओं तथा भावों आदि सब का वह नियामक है। इतना शक्तिशाली होने के साथ ही साथ वह अत्यन्त चंचल भी है। इसे स्वतंत्र छोड़ देने पर यह शारीरिक चेतना के साथ मिल कर हमारी वासनाओं, आकाँक्षाओं तथा अनेक भौतिक सुखों को पूरा करने में लग जाता है। उसी में वह बुरी तरह से उलझा रहता है। उसकी यह भौतिक प्रवृत्ति ही हमारे बहुमुखी पतन का मुख्य कारण बन जाती है और कितने ही दोष एवं विकार हमारे जीवन को संतप्त करने लगते हैं। यही कारण है कि मनको मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु कहकर उसकी निन्दा की जाती है और अनेक साधनों द्वारा उसके दमन तथा हनन के प्रयत्न किये जाते हैं। किन्तु यह सारे प्रयास उसे कुप्रवृत्तियों से मुक्त नहीं कर सकते। दमन का निश्चित कुपरिणाम यह होता है कि मन में बुराइयाँ पैदा हो गई हैं उन्हें मन से निकालने के स्थान पर सदैव के लिये मन के साथ ही दबा दिया जाता है। मन के साथ ही उसके अगणित दोष भी दब जाते हैं और कभी भी वे इस प्रक्रिया से दूर नहीं हो पाते।

सधारणतया लोग मनकी बाहरी क्रियाओं को रोकने की चेष्टा करते हैं किन्तु मन के अन्दर जो भौतिक संस्कारों का विष उत्पन्न हो गया है उसे वे बराबर बने रहने देते हैं। इससे त्राण पाना उनके बश की बात नहीं रहती है। इसका फल यह होता है कि जब कभी मन का बाह्य नियंत्रण शिथिल होता है, मानसिक कुप्रवृत्तियाँ पुनः सक्रिय हो उठती हैं और उनका व्यापार हमारे अधःपतन का कारण बन जाता है।

इससे यह सिद्ध होता है कि मन का दमन अथवा उसके क्रिया कलापों का बाह्य नियंत्रण मनको अनुशासित करने का उचित एवं अभिलषित साधन नहीं। मन को जब तक साँसारिक प्रभावों संस्कारों तथा विकारों से मुक्त नहीं किया जायगा तब तक वह शाँत एवं स्थिर नहीं हो सकता। इसलिये मनका उदात्तीकरण होना चाहिये, दमन नहीं। भाव यह है कि मन जो संसाराभिमुख है उसे ईशोन्मुख कर देना ही हमारा पुनीत कर्तव्य है। मन में जो बुराइयाँ या दोष उत्पन्न हो जाते हैं उनके विष को निकाल करके ही उसे सही दिशा में लगाया जा सकता है।

"सहज मार्ग" में मन को शुद्ध करने का जो नियम है वह बड़ा ही वैज्ञानिक है। उसमें मन में जो स्थूलता, जटिलता एवं कुप्रवृत्तियां भौतिकता के प्रभाव से उत्पन्न हो जाती हैं उन्हें आध्यात्मिक उन्नति के लिये दूर करना परमावश्यक है। किन्तु बहुधा आध्यात्मिक जीवन के इस महत्वपूर्ण अंग की उपेक्षा की जाती है जिसके फलस्वरूप न मन निर्विकार होकर संतुलित ही हो पाता है

न साधक को शान्ति ही मिल पाती है। यही कारण है कि मन का नियमन सहज मार्ग की साधना का मुख्य अंग है और मन की शुद्धता और संतुलन इसके अविभाज्य अंश हैं। मन का नियमन भी ध्यान द्वारा ही संभव है क्योंकि ध्यान का मन से सीधा संबन्ध है। इससे मन के क्रिया कलापों का संयमन होता है और मन की प्रवृत्तियों में सहज एवं क्रमिक सुधार होने लग जाता है। संसार की ओर भागने की उसकी चेष्टायें मंद एवं शिथिल पड़ जाती हैं। उसे साँसारिक विषयों से प्राप्त होने वाले क्षणिक सुखों तथा वासनाओं से ऊपर उठा एवं दिव्य भावों की ओर लगा दिया जाता है। यही उदात्तकार्य हम ध्यान द्वारा संपादित करते हैं। ध्यान का अभ्यास बढ़ने पर हमें शांति एवं स्थिरता का अनुभव होने लगता है। ध्यान के साधन द्वारा हम में ईश्वरीय गुण अवतरित होने लगते हैं। इससे हमारा ईश्वर से सीधा सम्बन्ध स्थापित हो जाता है। गुरु कृपा से (Divine Grace) निरंतर रूप से साधक में प्रवाहित होने लग जाती है। इस प्रकार विचार पूर्वक देखने पर मन ब्रह्मानुभूति का एक मात्र तथा अतुलनीय साधन सिद्ध होता है। वह निंदनीय तथा गर्हित कदापि नहीं कहा जा सकता।

प्रायः देखा गया है कि साधक आरम्भ में ही मन को एकाग्र करने के लिये भगीरथ प्रयत्न करते हैं किन्तु सहज मार्ग की साधना में हम आरम्भ में एकाग्रता के लिये प्रयत्न नहीं करते। एकाग्रता ध्यान के सुपरिणाम के रूप में अायास ही प्राप्त हो जाती है। मनुष्य के अंदर सोई हुई दिव्य सौन्दर्यानुभूति इस साधना द्वारा

जाग्रत हो जाती है और हमारे अंदर जिस दिव्यता का विकास आरम्भ होता है उसका हम क्रमशः अनुभव करने लग जाते हैं। साधक दिन प्रति दिन उन्नति की ओर अग्रसर होता रहता है। उसके अन्दर की मनुष्यता दिव्यता में परिणत होती जाती है।

दिव्यानुभूति के मार्ग में भौतिकता के संसर्ग से जो अवरधि अथवा प्रत्यूह उत्पन्न हो गये हैं उन्हें प्रायश्चित्ति (Trans mission) द्वारा दूर किया जाता है। अंततः निर्विकारता की पूर्ण संतुलित स्थिति साधक को प्राप्त हो जाती है। प्रेय और श्रेय दोनों की सिद्धि उपलब्ध हो जाती है और वह सद्गुणों की राशि बन जाता है। मानव जीवन में साधना का यही महत्व है।

वास्तविकता

(श्री ईश्वर सहाय जी)

वास्तव में ईश्वर अत्यन्त और सूक्ष्म है इस लिए उसको प्राप्त करने के साधन भी उसी प्रकार सरल और सूक्ष्म होना आवश्यक है तभी सफलता संभव हो सकती है परन्तु कठिनाई यह है कि हम इस सीधी सादी चीज में अपनी उलझी हुई समझ के कारण ऐसी उलझनें और कठिनाइयाँ उत्पन्न कर लेते हैं कि जीवन भर उन्हीं में फंसे रहते हैं। हमारे गुरुदेव श्री बाबू जी महाराज का कहना है कि 'आजकल के जमाने में सरकारी नौकरी पाना जितना कठिन है ईश्वर प्राप्ति उतनी भी मुश्किल नहीं।' बात यह है कि उस ओर

केवल इस प्रकार मुंह घुमा देने की आवश्यकता है कि फिर उससे हटे नहीं, बस काम बना बनाया रक्खा है। इतनी सीधी सी बात है जिसको इतना कठिन और जटिल बना कर बताया जाता है। इसकी जिम्मेदारी उन लोगों पर है जो पुस्तकें पढ़ पढ़ा कर ब्रह्मज्ञानी होने का दावा करते हुये जगद्गुरु बन बैठते हैं। उन्हें इस बात से मतलब नहीं कि मुर्दा चाहे स्वर्ग में जाये चाहे नर्क में। उनको केवल अपने हलवे माँडे से काम है। सीधे सादे लोगों को कुछ न कुछ बता कर बहका देना, ज्ञान के विषयों पर धुआँधार व्याख्यान उड़ा देना या किताबी सिद्धाँतों को तोड़ मरोड़ कर सींक का पहाड़ बना देना उनका परम कर्तव्य है। इसी कारण साधारण लोग जीवन भर उलझे रहते हैं।

इस विषय में सबसे बड़ी गलती यह होती है कि ईश्वर की पूजा उपासना करने के स्थान पर वे लोगों को किसी कल्पित रूप की पूजा करने को बताते हैं। परिणाम यह होता है कि बस रूप ही रूप उनकी दृष्टि में रह जाता है और असलियत बिल्कुल लुप्त हो जाती है। इस प्रकार वे ईश्वर के बजाय रूप के उपासक ही बन जाते हैं। रूप जो कुछ भी लिया जाता है वह केवल हमारी दिमागी कल्पना पर आधारित होता है और उससे वास्तविकता गायब रहती है, केवल लकीर पीटना ही बाकी रह जाता है। वास्तव में ईश्वर का न कोई रूप है न आकार है फिर उसको इस तरह रूप रंग के बंधनों में सीमित कर देना उसकी वास्तविकता को खो देना है। ईश्वर तो जो है सो है और वैसा ही सदैव रहेगा। उसका रूप मान लेने से

वह हमारी कल्पनानुसार रूपधारी तो बन नहीं जायेगा केवल इन ही अपनी कल्पनाओं के जाल में उलझ जायें। धीरे-धीरे यह कल्पनायें और भी मजबूत होती जायेंगी और हम साकार-निराकार सगुण-निर्गुण के झगड़ों में उलझे रह जायेंगे। इस विषय में गुरु महाराज का कहना है कि—

"ईश्वर को किसी ने इस तरह पर नहीं समझा जैसा कि वह है। उसको अपने मन से तरह-तरह के रूप-रंग, बनाव-श्रृंगार आदि दे कर ऐसा बना लिया जो मन को भावे अर्थात उसको भी माया का आवरण पहना दिया। अब उसकी पूजा में जब हम लगते हैं तो अवश्य ही माया में और भी गड़ते चले जाते हैं। अन्य शब्दों में हम माया के पुजारी बन गए। वास्तविकता का बिल्कुल पता न रहा बताने वाले महात्मागण अपने रंग में रंगे हुये इसी प्रकार की रंगीन बातें ही बताते हैं जो माया के वशीभूत होने के कारण सबको अधिक पसंद आती है। आपने देखा होगा कि श्रृंगार रस के काव्यों का कितना आदर होता है और वेद के रूखे विषय पर सुनने को कोई भी तैयार नहीं होता। जाना तो हमें एकता की ओर है परन्तु जा रहे हैं उसके विपरीत अनेकता की ओर अर्थात विचारधारा के लिये सैकड़ों प्रणालियाँ बना देते हैं। इस कारण ईश्वर प्राप्ति जैसा कहा जाता है कठिन ही नहीं असंभव है क्योंकि हम गलत आधार पर चल रहे हैं।

असल बात तो यह है कि ईश्वर के बारे में यह प्रश्न उठना कि 'वह ऐसा है या वैसा' बिल्कुल गलत है। उसके लिये तो बस

यही कहना पड़ेगा कि 'जो है सो है।' सफलता के लिए होना यह चाहिये कि हम नाम रूप रंग इत्यादि के झगड़ों को मन से हटा कर यह ख्याल ले कर कि 'वह जैसा भी हो' उसके ध्यान में लग जायें तभी हमारी समस्या आसानी से हल हो सकती है।

दूसरी महान गलती जो इस विषय में होती है वह साधना से संबंधित है। साधन जो आम तौर पर प्रयोग में लाये जाते हैं वह सब बाह्य साधन ही होते हैं जिनका संबंध मन से बिल्कुल नहीं होता। जैसे शरीर को कसना, दिमाग की तोड़ मरोड़, मन को दबाना और कुचलना इत्यादि। लोगों का यह भी ख्याल है कि इन साधनाओं को जितनी सख्ती, मेहनत और जबरदस्ती से किया जायेगा उतनी ही सफलता मिलेगी। कहने का तात्पर्य यह है कि आमतौर पर कई प्रकार के साधन प्रचलित हैं। प्रथम तो वे जिनका संबंध केवल मस्तिष्क से है, दूसरे वे जिनका संबंध शरीर से है, तीसरे वे जिनका संबंध न मस्तिष्क से है न शरीर से—ये केवल दिल बहलाव के लिये किये जाते हैं। कुछ ऐसे भी हैं जो रस्मि रिवाज के अधीन हैं और इसी कारण से कर लिए जाते हैं। यह केवल व्यवहार की बात रह जाती है जिसमें कोई तत्व की बात नहीं। अब रही दिल बहलाव वाली पूजा जिसमें समस्त बाह्य पूजायें जाप, पाठ, कीर्तन इत्यादि जो आजकल प्रचलित हैं सम्मिलित हैं। इन पूजाओं का प्रभाव न मन पर होता है न शरीर पर। केवल क्षणमात्र के लिये यह संतोष सा हो जाता है कि हाँ कुछ कर लिया। बहुधा कभी कुछ अधिक प्रभाव के कारण कुछ क्षण के लिये सकते की दशा या स्तब्धता सी

छा जाती है जिसको लोग भूल से आध्यात्मिक दशा समझने लगते हैं इस तरह की पूजायें मुद्दतों तक करने के पश्चात भी उनके मन की दशा में कोई परिवर्तन नहीं होता अर्थात् स्वभाव की कठोरता, क्रोध अहंकार और अन्य विकार ज्यों के त्यों बने रहते हैं बल्कि और भी बढ़ते जाते हैं परन्तु उन्हें इससे कोई प्रयोजन नहीं। उन्हें थोड़ी देर के लिए मन बहलाव का साधन तो मिल ही जाता है। अब रही वे साधनायें जो शारीरिक क्रियाओं पर आधारित हैं जैसे आसन, प्राणायाम और हठयोग की क्रियायें आदि। इनके करने वाले भी बहुत पाये जाते हैं। यह अवश्य है कि इन क्रियाओं से उनका स्वास्थ्य अच्छा और शरीर हृष्ट पुष्ट बन जाता है। परन्तु इनसे उनके मन की दशा में क्या परिवर्तन होता है? और ईश्वरीय मार्ग पर वे कितना अग्रसर होते जाते हैं यह तो वही समझें। किन्तु साधारणतः यही देखने में आता है कि बस पहलवानी ही पहलवानी उनके भाग्य में आती है और ईश्वर विषय में वे सदा की भांति अपरिचित रहते है। अब रहे वे ब्रह्मज्ञानी जो शास्त्रों को पढ़-पढ़ा कर माया-जीव और ब्रह्म के विषयों में अपना मस्तिष्क उलझाये रहते हैं और तरह-तरह के तर्क वितर्क से ईश्वर को अपने ख्याल के घेरे में बांध लेने के प्रयत्न में लगे रहते हैं अर्थात् यह सब वे साधन हैं जिनके आधार पर लोग ईश्वर प्राप्ति का दम भरते हैं। यह हैं हमारी कल्पनायें और यह हैं उसकी प्राप्ति के साधन और इस तरह के पथप्रदर्शक हमें मिलते हैं। अतः इस प्रकार लोगों का बस ईश्वर ही मालिक है। गुरु महाराज का यह कहना है कि सरल वस्तु की

प्राप्ति सरल साधन के प्रयोग से ही हो सकती है। जैसे कि जमीन पर पड़ी हुई सुई को चुटकी से उठा लेना बहुत ही आसान है परन्तु यदि उसके उठाने के लिये रेल के डिब्बे उठाने वाली मशीन क्रेन का प्रयोग किया जाये तो सफलता कठिन ही नहीं वरन् असंभव है। ठीक यही बात इस विषय में भी है। यदि हम ईश्वर को अपनी दिमागी उछल-कूद या शारीरिक व्यायाम या इस तरह के अन्य साधनों द्वारा प्राप्त करना चाहें तो यह कदापि नहीं हो सकता।

एक बात और है जो इस विषय में अत्यन्त हानिकारक है। वह यह है कि बहुधा लोगों का यह कहना है कि भई। रास्ते सब ठीक हैं और सभी रास्ते ईश्वर तक जाते हैं इसलिये चाहे कोई भी रास्ता ग्रहण करो और चाहे कुछ करो अन्त में पहुँचेंगे ईश्वर तक ही। मेरे विचार से संभवतः इससे अधिक भुलावे में डालने वाली कोई दूसरी चीज नहीं। यह भी स्पष्ट है कि ऐसा कहना अधिकतर उन्हीं लोगों का होता है जो न खुद कुछ करते-धरते हैं, न करना ही चाहते हैं और न ईश्वरीय ख्याल का अंखुआ ही उनके दिल में फूटा है। अपने मन को समझाने के लिये उपर्युक्त बात उनके लिये काफी है।

एक बात यह भी है कि लोग ईश्वर प्राप्ति का अर्थ भी तरह तरह से लगाते हैं। जो लोग ईश्वर को रूपधारी मान कर उसका एक सुन्दर स्वरूप ध्यान में बिठा लेते हैं और उसी रूप को प्राप्त करना चाहते हैं; वे उस बालक के समान हैं जो किसी सुन्दर खिलौने

को देख कर उसको लेने के लिये मचल जाता है और जब वह मिल जाता है तो थोड़ी देर के लिए बच्चे के दिल बहलाव और मनोरंजन का साधन बन जाता है। वास्तव में ईश्वर इस प्रकार का कोई खिलौना नहीं है जिसको हम अपने दिल बहलाव का साधन मान लें। यह भी कहा जाता है कि ईश्वर हर जगह मौजूद है हमारे अन्दर भी है और बाहर भी। कोई स्थान उससे खाली नहीं। जब यह बात है तो रूप का प्रश्न ही नहीं उठता। अब एक बात यह भी आ जाती है कि जब वह हमारे रोम-रोम में व्याप्त है तो फिर प्राप्ति का अर्थ क्या है? यह सत्य है कि वह हमारे रोम-रोम में व्याप्त है परन्तु फिर भी हम उससे अलग हैं। अब ऐसे व्यापी ईश्वर को हमसे अलग रखने वाली चीज क्या है? यह केवल हमारा 'आपा' है। 'आपा' हट जाने से फिर केवल ईश्वर ही रह जाता है। अतः ईश्वर प्राप्ति का अर्थ केवल 'आपा' का पर्दा दूर करना ही रह गया। मतलब यह हुआ कि इस 'अहम्' के आवरण को हटा कर हमें स्वयं वैसा ही बन जाना है जैसा कि 'वह' है।

अब यह विचार करना है कि वह है कैसा? तथा हममें और ईश्वर में क्या अन्तर है? अन्तर बस यही है कि हम स्थूलता के आवरण में बंधे हुये हैं और वह अत्यंत सूक्ष्म है तथा हर चीज से मुक्त है। तात्पर्य यह है कि उस जैसा बनने के लिए हमें भी स्थूलता को हटा कर वैसी ही अत्यन्त सूक्ष्म दशा प्राप्त करना है। वास्तव में ईश्वर प्राप्ति का अर्थ यही है। अब यह बात स्पष्ट है कि सूक्ष्मता

प्राप्त करने के लिये स्थूलता से संबंध रखने वाली बातें किसी प्रकार सहायक नहीं हो सकतीं इसलिये आवश्यक हो जाता है कि हम अपनी साधना में भी इस बात का ध्यान रखें और केवल उन्हीं साधनों का प्रयोग करें जो हमें सूक्ष्मता की ओर ले जायें।

ऐसे ध्येय की प्राप्ति के लिये कुछ अन्य बातें भी आवश्यक हैं। सबसे पहले हमारे अन्दर लगन होना चाहिये। यह लगन तभी हो सकती है जब हमारे हृदय में ईश्वर की महानता पूर्ण रूप से विद्यमान हो और हर ईश्वर प्राप्ति को जीवन का मुख्य उद्देश्य समझे हुये हों। यदि जीवन का लक्ष्य स्थापित हो गया है तो उसको पाने के लिए प्रबल इच्छा होगी। लगन और कुछ नहीं अति प्रबल इच्छा ही है। यह इच्छा हमारे अन्दर तभी उत्पन्न होगी जब हमारे मन में यह बैठ जाये कि जीवन में पग-पग पर हमें 'उसकी' (ईश्वर की) आवश्यकता है। वैसे कहने को तो सभी कह देंगे कि ईश्वर की आवश्यकता किसे नहीं है? परन्तु इस बात को हृदय से मानने वाले शायद थोड़े ही मनुष्य मिलेंगे। हर मनुष्य जीवन भर अपने संसारी धन्धों में उलझा रहता है और अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिये उधेड़-बुन में लगा रहता है तथा कठिन से कठिन परिश्रम करता है। फिर भी कभी सफलता मिलती है और कभी निराशा। यही क्रम बराबर चलता रहता है। कभी सुख है तो कभी दुःख, कभी आराम है कभी तकलीफ। इसी प्रकार जीवन बीत जाता है। अब बताइये उन्हें ईश्वर की आवश्यकता कहां पर रही जबकि उनकी कुल इच्छायें

और आवश्यकतायें स्वयं उन्हीं की हैं। परिश्रम करने वाले भी वे ही स्वयं हैं और फल का भोग करने वाले भी वही हैं अर्थात् कुल बातें उन्हीं पर निर्भर हैं और वे स्वयं हर चीज़ के कर्त्ता और जिम्मेदार हैं तो फिर ईश्वर की गुंजाइश ही कहां पर रही। कहने को चाहे कुछ कह लें परन्तु मन से यह बात बिल्कुल दूर है कि 'वही' सब कुछ करता है। यदि वे कुछ पूजा पाठ भी कर लेते हैं तो यह उनका एहसान है परन्तु ऐसी दशा में लगन का कहीं पता नहीं रहता।

बात यह है कि उन लोगों की दृष्टि केवल बाहरी शरीर पर ही जमी रहती है, इससे हट कर अन्दर की ओर प्रवेश ही नहीं करती। इस कारण उनका ख्याल केवल ऊपरी बातों में जो शरीर से संबंधित होती हैं अटका रहता है। इससे ऊपर उठना ही नहीं। यह अवश्य है कि जब ऐसी बातें सामने आ जाती हैं जो कि उनके वश के बाहर होती हैं–उदाहरण के लिए रोग या बीमारी, हानि–लाभ तथा जीवन–मरण आदि, जिन पर वे अपने समस्त उपायों के रहते हुये भी क़ाबू नहीं पाते। केवल ऐसे अवसर पर उन्हें कुछ ख्याल होता है कि करने वाला कोई और है और सब कुछ 'उसी' की इच्छा पर निर्भर है परन्तु यह बात उनके हृदय में टिकती नहीं। यदि यही भाव हृदय में दृढ़ता से बैठ जाये और हर काम करते हुये उसका परिणाम 'उसी' पर छोड़ दें तो वास्तव में उन्हें ईश्वर की आवश्यकता हर क्षण पर प्रतीत होगी और उस ओर उनकी लगन बढ़ती जायेगी। तात्पर्य यह है कि यदि हमारे हृदय में यह भाव कि हम दीन हैं, दास हैं और 'वह' समर्थ स्वामी है–दृढ़ता से बैठ जाये

तो हमारी सब बाहरी बातें 'उसी' के अधीन हो जायेंगी।

लगन तभी दृढ़ हो सकती है जबकि हमारी दृष्टि अन्तिम ध्येय पर पूर्ण रूप से जमी हो। अब ध्येय क्या हो सकता है? इसके लिये हमें वही अन्तिम दशा जिस पर कि पहुंचना है विचार में लेनी है अर्थात् वह अत्यन्त सूक्ष्म दशा जहाँ पर हम 'उसके' समान बन जायें जहां तक संभव हो सके।

दूसरी आवश्यक बात यह है कि ध्येय की प्राप्ति के लिये सही रास्ता और उचित साधन काम में लाये जायें। यदि हमारी दृष्टि वास्तविक ध्येय पर जमी है और उसके लिए लगन भी दृढ़ मौजूद है तो यह हो ही नहीं सकता कि हम ग़लत रास्ते पर हीं चलते रहें। यह दूसरी बात है कि कुछ समय के लिये धोखा खा जायें। ध्येय प्राप्ति की प्रबल लगन स्वयं हमें सच रास्ते पर पहुँचा देगी। मार्ग भिन्न–भिन्न बताये गये हैं और साधन भी अनेक हैं परन्तु उनके द्वारा हम जिस परिणाम को प्राप्त होते हैं वह भी भिन्न होता है। मतलब यह हुआ कि प्रत्येक मार्ग का ध्येय भिन्न है और उसके द्वारा वही ध्येय प्राप्त हो सकता है। अब जब कि हमारा ध्येय सूक्ष्मता की अन्तिम दशा की प्राप्ति है तो आवश्यक है कि मार्ग भी उसी के अनुसार हो और उसी प्रकार के साधन भी काम में लाने चाहिये जो ध्येय प्राप्ति में सहायक हो। पथ प्रदर्शक भी ऐसा ही होना चाहिये जो अपने आत्मिक बल से हमारी बाधाओं को दूर कर हमारा मार्ग सुगम बनाने में निपुण हो। ऐसा पथ–प्रदर्शक वही हो

सकता है जो स्वयं भूल मार्ग चल कर सूक्ष्मता की उस अन्तिम सीमा तक पहुंच चुका हो जहां पर कि 'वस्तु वही वह है।' यदि हमें सफलता की चाह है तो ऐसे ही समर्थ पथ-प्रदर्शक की खोज करना है। सच्ची लगन वाले के लिए सही रास्ता और सच्चा गुरु मिल जाना कोई कठिन बात नहीं है।

सच्चा गुरु वास्तव में वही है जो अभ्यासी के अन्दर जागृति पैदा करके उसका ध्यान ईश्वर की ओर लगा दे। यह केवल गुरु की ही सामर्थ्य है जो अभ्यासी की आत्मिक शक्ति को उभार कर उसका प्रवाह उसकी आध्यात्मिक उन्नति की ओर कर देता है। यह गुरु ही है जो अभ्यासी के मन को सुधार कर उसकी बाधायें दूर करता जाता है, यह गुरु ही है जो अपने आत्मिक बल से अभ्यासी को आध्यात्मिक पथ पर बढ़ाता हुआ उन्नति के ऊंचे शिखर पर पहुंचा देता है। ऐसा ही समर्थ गुरु मिल जाने पर पूर्ण सफलता प्राप्ति अत्यन्त सरल और सुगम हो जाती है। सहज मार्ग की यह सबसे बड़ी विशिष्टता है कि साधक की उन्नति का समस्त भार केवल गुरु पर ही रहता है। यदि साधक ने सच्चे रूप में अपने आपको गुरु के आधार पर छोड़ दिया हो तो सफलता उसकी दासी हो जायेगी। वास्तव में सच्चा गुरु तो ईश्वर ही है और उसी से सबको प्रकाश मिलता है। परन्तु इस हीन अवस्था में साधारण मनुष्य के लिए यह बात अत्यन्त कठिन है कि वह सीधे ईश्वर से प्रेरणा प्राप्त कर सके। उसकी वर्तमान गिरी हुई दशा में यह बात उसकी सामर्थ के बिल्कुल बाहर है इसलिए यह आवश्यक हो जाता है

कि वह किसी ऐसे व्यक्ति की सहायता ले जो ईश्वरी धारा को उसकी ओर प्रवाहित करने की सामर्थ रखता हो और यह वही व्यक्ति कर सकता है जो 'उस' तक पूर्णतयः कर 'उसके' मर्म से भलीभाँति परिचित हो चुका हो तथा अपनी दिव्य शक्ति द्वारा अभ्यासी को आध्यात्मिकता में निपुण बनाने की सामर्थ्य रखता हो।

अभ्यासी को उस शिखर पर पहुंचाने के लिए 'प्राणाहुति' ही समर्थ है। 'प्राणाहुति' प्राचीन योगिक साधन है जिसके द्वारा गुरु अपनी प्राणशक्ति अभ्यासी में प्रविष्ट करा कर उसके अंदर से दोष, विकार और समस्त बाधाओं को दूर कर उसको उन्नति के मार्ग पर लगा देता है तथा सहारा देता हुआ उसे उन्नति के अन्तिम शिखर तक पहुंचा देता है। राजयोग की नींव इसी (प्राणाहुति) पर स्थापित है। प्राचीन ऋषियों ने इसी के प्रयोग से संसार का हित किया। इसके प्रभाव से अभ्यासी की समस्त कठिनाइयाँ क्षणमात्र में दूर हो जाती हैं। यदि अभ्यासी श्रद्धा और लगन सहित लगा हो तो अति सुगमता से ऊंची से ऊंची आध्यात्मिक दशा को प्राप्त हो जाता है। तात्पर्य यह है कि पूर्ण सफलता प्राप्ति के लिए हमें ऐसे ही समर्थ गुरु की आवश्यकता है।

ईश्वर प्राप्ति कोई सांसारिक विषय नहीं है जिसका संबंध केवल शरीर से हो। यह तो आध्यात्मिक विषय है जो आत्मा से संबंधित है। इसके लिए वही साधन उपयोगी हो सकते हैं जिनका संबंध हमारी आन्तरिक क्रियाओं से है। मनुष्य में सबसे प्रबल शक्ति 'मन' की है; अन्य सब शक्तियाँ इसी के अधीन हैं। यही वह

वस्तु है जो आदि से हमारे भाग में आई । आरंभ में यह (मन) अत्यन्त सूक्ष्म और शुद्ध दशा में था। धीरे-धीरे इस पर स्थूलता के पर्त चढ़ते गये और यह अपनी वर्तमान दशा पर पहुंच गया। अब इस अत्यन्त स्थूल दशा में यही मन हमारे बिगाड़ (विनाश) का कारण बन गया और यही बिगड़ा हुआ मन हमारी आध्यात्मिक उन्नति में बाधक हो गया। सबसे बड़ी समस्या अब हमारे सामने इसी मन की है। इसी कारण लोगों ने मन को सबसे बड़ा शत्रु बताया है और इसके दबाने तथा कुचलने के लिए उपाय बताये गए है जो त्याग वैराग्य तथा दमन इत्यादि से संबंधित हैं; परन्तु आज इन उपायों को साधारण जीवन के प्रयोग में लाना अत्यधिक कठिन है अतः इसी कारण इन उपायों को काम में लाने वाले बहुत ही कम लोग होते हैं। दूसरी बात यह भी है कि इन उपायों मे सफलता भी बहुत ही संदेहजनक रहती है क्योंकि मन को दबाने और कुचलने की विधि प्राकृतिक नियम के विरुद्ध भी है क्योंकि इस ढंग से अन्दर के विकार नष्ट नहीं होते केवल उनका विकास रुका रहता है। तात्पर्य यह हुआ कि विष अन्दर उपस्थित रहता है केवल उसकी प्रतिक्रिया को रोकने की चेष्टा होती रहती है। ऐसी दशा में यह बहुत संभव है कि वह किसी समय अनुकूल वातावरण पाने पर उभर कर उग्र रूप धारण कर ले। यह कारण है कि इनका प्रयोग पूरी तौर से नहीं किया जा सका और यह साधन केवल किताबों के पृष्ठों तक या मंच वक्ताओं की जिव्हा तक ही सीमित रहे हैं। यह अवश्य है कि मन ही समस्त विकारों का कारण है, परन्तु कब ?

जबकि वह स्वयं बिगड़ी हुई दशा में है और उसको बिगाड़ने का उत्तरदायित्व स्वयं हमारे ऊपर है। हमने ही उसे विषय वासना की ओर जाने के लिए स्वतंत्र कर रक्खा है जिससे चंचलता, विकार, दोष आदि बढ़ते हैं। यहाँ तक कि अब एक क्षण भी वह स्थिर नहीं रह पाता और बराबर विचार बनाता रहता है। यह सब हो कैसे गया ? कारण यह है कि हमारी दृष्टि पूर्ण रूप से शरीर पर ही जमी रहती है और उसी से संबंध रखने वाली चीजों में हमारे विचार उलझे रहते हैं। जब यह बात है तो हमारा मन भी उसी रंग में रंग गया और केवल भौतिकता की ओर ही बढ़ता गया। इच्छाओं का ताँता बनने लगा और हम उसमें उलझते ही गये। मन की यही दशा समस्त बिगाड़ का कारण है। अब उसको (मन को) दबाने या कुचलने से इस दशा से छुटकारा कदापि नहीं मिल सकता। यह दूसरी बात है कि हम अपनी हठ-धर्मी से उसके विकास को थोड़ी देर के लिए रोके रहें। जब विकार अंदर मौजूद है तो उसका विकास भी कभी न कभी किसी रूप से अवश्य हो सकता है। मन को दबा कर काबू में रखने का अर्थ अब यहाँ हुआ कि अंदर विकार मौजूद भले ही रहें केवल विकास रोकने का प्रयत्न किया जाये। यह चीज आध्यात्मिक मार्ग में अधिक सहायक नहीं हो सकती। हमारा अभिप्राय तो यह है कि उन विकारों और दोषों का हृदय दूर कर दें। यदि वह दूर हो जाते हैं तो मन को दबाने या वश में रखने का प्रश्न ही नहीं उठता। इसलिये हमें वास्तव में मन को शुद्ध दशा में लाने का प्रयत्न करना ही। इस प्रकार से प्रयत्न

करता है कि उसमें कोई विकार या दोष बाकी न रहे अर्थात मन को सुधार कर उसे वास्तविक दशा में ले आता है।

मन के सुधार का अर्थ केवल यही नहीं कि हम बुरे कामों या बुरे विचारों से दूर रहें। बुराई से बचना, अच्छे कामों की ओर अग्रसर होना, सबसे प्रेम और सहानुभूति रखना, किसी को दुःख न पहुंचाना, सबका भला चाहना आदि तो प्रारम्भिक बातें ही हैं। इनके बिना आध्यात्मिक मार्ग में आगे पग बढ़ ही नहीं सकता परंतु इसके अतिरिक्त और भी बहुत सी बातें शेष रह जाती हैं। सुधार का वास्तविक अर्थ यह है कि मन की समस्त वृत्तियों में संतुलन व्याप्त हो जाये। जहाँ पर जैसी आवश्यकता हो वृत्ति अपना क्षोभ करें परंतु मन उनके प्रभाव से मुक्त रहे। उदाहरण के लिए यों समझ लीजिये कि मन के विकार में काम, क्रोध, लोभ-मोह इत्यादि बताये गये हैं और इनको दबाने और नष्ट करने के लिए कहा जाता है पर यह तो स्वाभाविक वृत्तियां हैं जिनको पूर्ण रूप से नष्ट करना असंभव है। दूसरे यदि यह मान भी लिया जावे कि यह नष्ट कर दी जायें तो फिर मनुष्य में रह ही क्या जावेगा? वास्तव में फिर वह मनुष्य ही नहीं कहा जा सकता; इस कारण आवश्यकता इस बात की है कि इनको वास्तविक दशा में लाया जावे और इनमें संतुलन स्थापित किया जावे जिससे कहीं पर आवश्यकता के अतिरिक्त इनका प्रयोग न होने पावे। यह तब ही संभव हो सकता है जब कि मन की वृत्तियां साम्यावस्था को प्राप्त हो जावें। मन के सुधार से यही अभिप्राय है कि मन को उस दशा पर ले आया जावे जैसा कि आरम्भ में था अर्थात प्रकृति से समानता हो जावे। परंतु यह बात तब ही संभव है जबकि इसके लिए ऐसे सहज और सरल साधन काम में लाये जायें जो मन की वृत्तियों में सन्तुलन स्थापित करने में सहायक हों।

Parallelism In Nature

(Shri Ram Chandra ji President)

The only thing in existence, before creation came into existence was Divinity in its original state and every thing in essence form was merged in it. The process of manifestation started with the Kshob which stirred up a churning movement in the sphere of the Latent Motion. Activity revived and with it the force got enlivened and started its action towards manifestation. This line of action though in ferfect consonance with Divinity, appeared in its outer aspect to be somewhat different from it since it had taken another course aiming at manifestation. It may for that reason be denoted as the line of humanity, because of its close association with the formation of man.

Both the lines are now in action- the Divicity and the Humanity--, running side by side, parallel to each other. But since creation was the primary object at the root, the line of Humanity began to acquire predominance and every thing, including Man began to assume a tangible form' though subtlest at the stage. In other words the line of Humanity became the base of the entire structure. But its action remained subject to the dormant action of the line of Divinity, which ran along

